

# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की कलम से......

एनएचपीसी NHPC

*1 अगस्त, 2022*

*प्रिय साथियों,*

हम अपनी स्वतंत्रता के 75 गौरवशाली वर्ष पूरे कर रहे हैं, एक मजबूत, जीवंत और समृद्ध भारत उभर रहा है और मैं, हमारे जीवन काल के भीतर विकसित भारत को देख रहा हूं। नियति, पहले से कहीं अधिक, हमारे हाथ में है और एक संगठन के रूप में हमें इस यात्रा में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। हमारे पास, न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी एनएचपीसी को नवीकरणीय ऊर्जा का पावर हाउस बनाने का अवसर है। नेपाल में तीन जलविद्युत परियोजनाओं अर्थात 750 मेगावाट की वेस्ट सेती, 450 मेगावाट की सेती नदी 6 (एसआर6) और 480 मेगावाट की फुकोट करनाली को क्रियान्वित करने के लिए विचार–विमर्श अंतिम चरण में हैं और हमें चालू माह में ही समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की उम्मीद है। यह हमें इस संगठन की प्रतिष्ठा को प्रदर्शित करने तथा बढ़ाने के लिए एक और अवसर देता है जिसे हम सभी प्यार और सम्मान करते हैं। पिछले ढाई वर्षों के दौरान हमने एक टीम के रूप में भविष्य की योजना का खाका तैयार किया है। एनएचपीसी को 50000 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा बहुराष्ट्रीय संगठन बनाने के लिए रूपरेखा तैयार करना है। इसकी कार्य–योजना तैयार हो गई है, अब हमें बस इसे लागू करना है। आपके पास इतिहास रचने का अवसर है। मुझे विश्वास है कि आप सभी जलविद्युत प्रोफेशनल की भावी पीढ़ी के लिए एक शानदार बेंचमार्क तैयार करेंगे।

आप सभी के द्वारा किए गए सिस्टम सुधार के प्रयासों के परिणाम सामने आने लगे हैं। निर्माण परियोजनाओं में हमारी टीम परियोजनाओं को चालू करने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। प्रगति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और हम नियमित आधार पर महत्वपूर्ण लक्ष्य को हासिल कर रहे हैं। 2000 मेगावाट की सुबनसिरी लोअर परियोजना पर कार्य सुचारू रूप से चल रहा है और हम वास्तव में इस ऐतिहासिक परियोजना को चालू करने की राह पर हैं। इसके अलावा, 1000 मेगावाट की पकल दुल जलविद्युत परियोजना और 120 मेगावाट की रंगित–IV जलविद्युत परियोजना में ईएंडएम गतिविधियां भी जुलाई में शुरू हो गई हैं। जैसा कि आपको लिखते हुए मुझे सूचना मिली है कि 120 मेगावाट की रंगित–IV पर एचआरटी की ओवरट लाइनिंग शुरू हो गई है। जरा सोचिए, हम इस फंसे हुए परियोजना को एक साल में इस मुकाम पर ले आए हैं। सारा श्रेय परियोजना टीम का है। हमारी निर्माण परियोजनाओं में कार्यों की प्रगति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं) ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे एक उत्कृष्ट टीम लीडर के रूप में विकसित हुए हैं और उन्होंने परियोजना टीमों को असाधारण परिणाम देने के लिए प्रेरित किया है। वे हमेशा परियोजना स्थलों पर रहते हैं, हमेशा गतिमान रहते है, परियोजना टीम को और अधिक हासिल करने के लिए प्रेरित करते है। हमारा शीर्ष प्रबंधन श्री बासु से बहुत कुछ सीख सकता हैं। वह एक प्रेरक रोल मॉडल हैं और मुझे विश्वास है कि युवा पीढ़ी एनएचपीसी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की उनकी इच्छा का अनुकरण करेगी। हमें श्री बासु जैसे और लीडर की जरूरत है।

हमारे पावर स्टेशनों का प्रदर्शन वास्तव में प्रशंसनीय है। जुलाई के दौरान हमारे पावर स्टेशनों ने 3648 मिलियन यूनिट का उत्पादन किया, जो हमारा अब तक का सबसे अधिक मासिक उत्पादन है। 3594 मिलियन यूनिट का पिछला मासिक रिकॉर्ड जुलाई 2021 में हासिल किया गया था। यह खुशी की बात है कि हमने 30 जुलाई 2022 को 125.93 मिलियन यूनिट का अपना उच्चतम दैनिक उत्पादन भी हासिल किया, जो 11 जुलाई 2022 को हासिल किए गए 123.63 मिलियन यूनिट के रिकॉर्ड से बेहतर है। हमने इस महीने में तीन बार दैनिक उत्पादन का रिकॉर्ड तोड़ा। पिछले कुछ वर्षों में, हमने अपने पीएएफ में काफी सुधार किया है और यह टीम वर्क के कारण ही संभव हुआ है। मैं सभी पावर स्टेशनों के प्रमुखों को उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए और टीम के सदस्यों को उच्च उम्मीदों पर प्रदर्शन करने के लिए बधाई देता हूं। यह सब आपके कार्य के प्रति एकनिष्ठ समर्पण और विभिन्न लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयास के कारण ही संभव हो पाया है। एनएचपीसी टीम द्वारा शानदार कार्य!

देश के पूर्वोत्तर हिस्से में भारी बारिश हुई, जिसके परिणामस्वरूप असम में विनाशकारी बाढ़ आई। एनएचपीसी हमेशा एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट संगठन रहा है, जो संकट के समय में बड़े पैमाने पर समाज की मदद करता है। इस प्रवृत्ति को जारी रखते हुए, एनएचपीसी ने 7 जुलाई 2022 को गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री के राहत कोष में 2 करोड़ रुपए का योगदान किया। अधोहस्ताक्षरी ने श्री प्रदान बरुआ, माननीय सांसद (लोकसभा), लखीमपुर लोकसभा क्षेत्र और श्री मानब डेका, माननीय विधान सभा सदस्य, लखीमपुर विधानसभा क्षेत्र की उपस्थिति में असम के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा को चेक भेंट किया। मैंने इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री को 2000 मेगावाट की सुबनसिरी लोअर परियोजना के कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। माननीय मुख्यमंत्री ने परियोजना को शीघ्र चालू करने के लिए राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। राज्य सरकार की भागीदारी से फ्लोटिंग सोलर, सोलर, पंप्ड स्टोरेज परियोजनाओं को हाइब्रिड मोड में स्थापित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई।

एनएचपीसी अपने आप में एक इंस्टिटूशन है। इसने शानदार प्रोफेशनल तैयार किए हैं जिन्होंने देश में पूरे जलविद्युत क्षेत्र की मदद की है और मुझे खुशी है कि हमारे युवा इंजीनियर इस परंपरा को जीवित रख रहे हैं। हमारे इंजीनियरों ने केरल राज्य विद्युत बोर्ड (केएसईबी) की 360 मेगावाट की सबरीगिरी पावर की यूनिट #4 की सफलतापूर्वक मरम्मत और पुनर्स्थापना की है। यह इकाई पिछले 4 वर्षों से असामान्य कंपन और यूजीबी और टीजीबी बियरिंग्स के अचानक तापमान में वृद्धि के कारण खराब हो गई थी। कई प्रसिद्ध राष्ट्रीय / अंतर्राष्ट्रीय बिजली उपकरण निर्माता इसे बहाल करने में विफल रहे थे और मौजूदा मशीन को हटाने और एक पूरी नई मशीन को संस्थापित करने का सुझाव दिया था। हालांकि, हमारे इंजीनियरों ने 4 दिनों में यूनिट #4 को सफलतापूर्वक बहाल कर दिया और यूनिट वर्तमान में बिना किसी असामान्य कंपन और तापमान वृद्धि के चल रही है। केएसईबी की पूरी टीम ने हमारी विशेषज्ञता की सराहना की, जिससे एनएचपीसी को काफी ख्याति मिली। बहुत ही शानदार! अच्छा कार्य करते रहें।

देश में बिजली व्यवसाय का परिदृश्य अत्यंत प्रतिस्पर्धी है और हमें बदलती परिस्थितियों की मांगों के अनुरूप ढलते रहना चाहिए। अपनी प्रोफाइल को मजबूत करने और विकास के नए रास्ते तलाशने के लिए, हमने 20.07.2022 को दामोदर घाटी निगम के साथ "जलविद्युत और पंप भंडारण परियोजनाओं की खोज और स्थापना के लिए संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी) के गठन का पता लगाने" के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह जलविद्युत परियोजनाओं और पंप भंडारण परियोजनाओं को ऊर्जा भंडारण समाधान के रूप में संयुक्त रूप से उपयोग करने के लिए एनएचपीसी और डीवीसी के बीच सहयोग की एक नई संभावनाएं है।

मेरा हमेशा से मानना रहा है कि परियोजना प्रभावित परिवार एनएचपीसी के महत्वपूर्ण हितधारक हैं और हमें उनके साथ बातचीत करते समय इसे हमेशा ध्यान में रखना चाहिए। हमें हमेशा एक ऐसी रणनीति बनानी चाहिए जो परियोजना प्रभावित परिवारों को हमारे साथ संबद्ध और जोड़ कर रखे। इसे ध्यान में रखते हुए एनएचपीसी के निगम मुख्यालय में परियोजना प्रभावित परिवारों के प्रतिनिधियों सहित श्री ताशी ओंगडुप लेप्चा, उपाध्यक्ष, सिक्किम राज्य सहकारी संघ (एसआईसीयूएन) के साथ 6 जुलाइ, 2022 को एक बैठक आयोजित की गई। बातचीत के दौरान, श्री लेप्चा ने तीस्ता–IV जलविद्युत परियोजना को जल्द से जल्द शुरू करने का अनुरोध किया। उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र के परियोजना प्रभावित परिवार परियोजना के पक्ष में हैं और एनएचपीसी द्वारा परियोजना के कार्यान्वयन में स्थानीय लोगों के पूर्ण समर्थन का आश्वासन भी दिया।

दिनांक 26.07.2022 को निर्माणाधीन परियोजनाओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई और मुझे यह जानकर खुशी हुई कि लगातार बारिश और अन्य चुनौतियों के बावजूद, सभी निर्माण परियोजनाओं, विशेष रूप से 2000 मेगावाट के सुबनसिरी लोअर और 120 मेगावाट वाले रंगित–IV जल विद्युत परियोजनाओं में अच्छी प्रगति हुई है। परियोजना टीम अपने कार्यों को कुशलता से कर रही है और इसकी वजह से मुझे उज्ज्वल भविष्य के प्रति दृढ़ विश्वास मिलता है।

दिनांक 28.07.2022 को मुझे फरीदाबाद के सबसे अच्छे और सबसे प्रतिष्ठित स्कूल में से एक मॉडर्न डीपीएस, फरीदाबाद के अधिष्ठापन समारोह में भाग लेने का अवसर मिला। मैं छात्रों की उपलब्धि और समारोह के दौरान उनके द्वारा बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत कार्यक्रम से बहुत प्रभावित हुआ हूँ। हमारे कई कार्मिकों के बच्चे इस स्कूल में अध्ययनरत हैं। स्कूल के निदेशक प्राचार्य श्री यू.एस. वर्मा के साथ मेरी बातचीत के दौरान मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई कि हमारे कार्मिकों के बच्चे स्कूल में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में शामिल हैं। श्री वर्मा एक असाधारण शिक्षाविद् हैं और एनएचपीसी को बहुत सम्मान देते हैं। श्री वर्मा ने अपनी लगन और एकाग्र समर्पण से शानदार स्कूल का निर्माण किया है। उन्होंने हम सभी के लिए एक संदेश दिया है – पूरे उत्साह और समर्पण के साथ हमेशा उत्कृष्टता को पाने के लिए तत्पर रहें। परिणाम देर या सवेर आ ही जाएगा।

मैं अनंतनाग में उज्जवल भारत, उज्जवल भविष्य – पावर@2047 कार्यक्रम के ग्रैंड फिनाले में भाग लेने के लिए 29 से 30 जुलाई 2022 तक केंद्र शासित प्रदेश जम्मू व कश्मीर के अल्प अवधि के दौरे पर था। विद्युत क्षेत्र की उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए देश के सभी जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने ग्रैंड फिनाले के दौरान सभा को संबोधित किया और देश के विकास के लिए आर्थिक रूप से व्यवहार्य और समृद्ध विद्युत क्षेत्र की आवश्यकता पर जोर दिया। माननीय प्रधानमंत्री ने इस अवसर के पर पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र योजना का भी शुभारंभ किया।

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू व कश्मीर की अपनी यात्रा के दौरान मैंने 29.07.2022 को जम्मू व कश्मीर के माननीय उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा से मुलाकात की और उन्हें केंद्र शासित प्रदेश जम्मू व कश्मीर में चल रही परियोजनाओं की स्थिति से अवगत कराया। माननीय उपराज्यपाल ने कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

**माह की अन्य मुख्य विशेषताएं :**

- भारत सरकार ने सावलकोट जल विद्युत परियोजना के निर्माण पूर्व गतिविधियों के लिए दिनांक 12.07.2022 को 973 करोड़ रुपए के निवेश की मंजूरी दे दी है।
- केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के जिला लेह और कारगिल में ''पायलट ग्रीन हाइड्रोजन टेक्नोलॉजीज'' के विकास के लिए समझौता ज्ञापनों पर 14 जुलाई 2022 को हस्ताक्षर किए गए। ये दो पायलट परियोजनाएं ग्रीन हाइड्रोजन के भावी विकास और तदुपरान्त परिवहन/ हीटिंग क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन की कमी के लिए रोडमैप तैयार करेंगी।
- लैंको तीस्ता हाइड्रो पावर लिमिटेड (एलटीएचपीएल) और छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) के बीच 21 जुलाई, 2022 को रायपुर में 500 मेगावाट तीस्ता–VI जल विद्युत परियोजना से उत्पादित विद्युत का सीओडी से 40 वर्ष की अवधि के लिए बल्क पावर सप्लाई एग्रीमेंट (बीपीएसए) पर हस्ताक्षर किए गए।
- एनएचपीसी निगम मुख्यालय फरीदाबाद में 19 जुलाई 2022 को एनएचपीसी की सीएसआर पहल के अंतर्गत, बौद्धिक और विकास दिव्यांगता (पीडब्ल्यूआईडीडी) वाले व्यक्तियों को खेल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एनएचपीसी और स्पेशल ओलंपिक भारत' (एनजीओ) के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू के अनुसार दिव्यांगजनों को विशेष ओलंपिक में समर्पित एवं प्रशिक्षित प्रशिक्षकों के माध्यम से 3 वर्षों तक नियमित खेल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।
- एनएचपीसी लिमिटेड की सीएसआर पहल के तहत बिस्नोली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान द्वारा 15 जुलाई 2022 को नूंह आकांक्षी जिला, हरियाणा के नूंह ब्लॉक के बाजेड़ा गांव में ग्रामीणों के स्वास्थ्य और प्रतिरक्षा को बढ़ाने के लिए नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।
- कोविड–19 के खिलाफ चल रही जंग में एनएचपीसी ने 18 जुलाई 2022 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय में ईएसआई अस्पताल, फरीदाबाद के सहयोग से (15 वर्ष और उससे अधिक के लिए) वयस्कों के लिए पहली/ दूसरी खुराक और बूस्टर खुराक देने के लिए नि:शुल्क कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन किया। जिसमें 190 एनएचपीसी कार्मिक/ पूर्व कार्मिक/ संविदा कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य लाभान्वित हुए।
- श्री हिमांग्शु साहा, महाप्रबंधक (विद्युत) के पुत्र श्री देबजीत साहा ने ट्यूनीशिया में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स चौंपियनशिप में शॉटपुट प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। एनएचपीसी परिवार की ओर से भावी सभी प्रयासों के लिए बधाई और शुभकामनाएं।
- श्री संजीव कुमार यादव, कार्यपालक निदेशक, एनएचपीसी को पुनात्सांगछु–I जल विद्युत परियोजना प्राधिकरण (पीएचपीए–I), भूटान का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। एनएचपीसी परिवार श्री यादव को बधाई देता है और उनकी नियुक्ति के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करता है।
- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत एनएचपीसी में ''ई–सुश्रुत अस्पताल प्रबंधन प्रणाली'' शुरू की गई है। यह प्रणाली ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर एकीकृत कम्प्यूटरीकृत रोग–विषयक सूचना तंत्र/ स्वास्थ्य और अस्पताल प्रबंधन और अन्य प्रक्रियाओं के लिए चिकित्सा अभिलेखों के संग्रहण जैसी सुविधाएं प्रदान करेगी। इससे एनएचपीसी कार्मिकों के लिए चिकित्सा सेवाए एकीकृत और सुगम बनेंगी।
- मुंबई में दिनांक 21.07.2022 को निवेशक बैठक आयोजित की गई जिसमें एचडीएफसी, आईसीआईसीआई, एसबीआई आदि जैसे टॉप म्यूचुअल फंड हाउस सहित कई निवेशकों ने भाग लिया। उद्योग के दृष्टिकोण और कंपनी के लिए भावी संभावनाओं के बारे में चर्चा की गई।
- जुलाई 2022 के दौरान 768 करोड़ रुपए राजस्व एकत्र किया गया। जुलाई 2022 तक कुल संचयी राजस्व संग्रह 2274 करोड़ रूपए रहा।
- जुलाई 2022 के अंत तक सभी एनएचपीसी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 11813 मिलियन यूनिट रहा।

मैंने हमेशा यह माना है कि हमारे कार्मिक हमारी शक्ति हैं। समर्पित सदस्यों का समूह अद्भुत कार्य कर सकते हैं और यह तथ्य हमारी टीमों द्वारा बारंबार साबित भी

किया गया है। अक्सर ऐसी टीमों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका रेडार के अधीन रहती है परंतु वही टीमें सफलता की कहानी का सबसे अभिन्न अंग बनी रहती हैं। संविदा विभाग ने इस भूमिका को पूर्णतया निभाया है। टीम ने इस माह प्रतिबद्ध और समन्वित प्रयासों द्वारा 16 संविदाओं को अवार्ड किया है, जो वास्तव में सराहनीय उपलब्धि है। मुझे विश्वास है कि संविदा टीम इसी उत्साह और तत्परता के साथ काम करती रहेगी।

जैसे–जैसे सेवानिवृत्ति का दिन नजदीक आ रहा है, मैं पिछले ढाई वर्षों में एक टीम के रूप में, एक संगठन के रूप में हमारे विकास में संतुष्टि महसूस कर रहा हूँ। कोविड महामारी के आघात के बावजूद, हमने अपनी निर्माण परियोजनाओं में जो प्रगति हासिल की है, उससे मुझे अपनी टीम पर गर्व है, हमारे पावर स्टेशन जनरेशन के नए रिकॉर्ड बना रहे हैं, हमने अपने पीएएफ को रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा दिया है, बकाया देय न्यूनतम स्तर पर हैं, हमारे पास योजना चरण में रिकॉर्ड क्षमता है, यह सब इसलिए संभव हुआ है क्योंकि हमने एक टीम के रूप में कार्य किया है। हमारे मध्यक्रम के प्रबंधन, युवा इंजीनियरों ने असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है और उनके पास एनएचपीसी को अगली ऊंचाई तक ले जाने की क्षमता है। हमने सांस्कृतिक स्तर पर भी सुधार किया है और आज हम अवसरों में चुनौतियों के बजाय चुनौतियों में अवसर ढूंढते हैं। सुनहरा भविष्य हमारे लिए इंतजार कर रहा है और मैं निश्चित रूप से दशक या उसके आसपास के समय में एनएचपीसी को 50,000 मेगावाट की कंपनी के रूप में देख रहा हूँ।

आपको और आपके परिवार के सदस्यों को स्वतंत्रता दिवस, तीज, रक्षा बंधन और जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर शुभकामनाएं ।

आपका,

**(ए. के. सिंह)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**



# FROM CMD'S DESK

*1$^{st}$ August, 2022*

**Dear Colleague,**

As we complete 75 glorious years of our independence, a strong, vibrant and flourishing India is emerging and I foresee a developed India within our lifetimes. The destiny, more than ever, is in our hands and as an organization we must play our part in this journey. We have the opportunity to make NHPC the power house of renewable energy, not only in India but abroad also. The discussions for implementing three hydroelectric projects viz. 750 MW West Seti, 450 MW Seti River 6 (SR6) and 480 MW Phukot Karnali in Nepal are in final stages and we expect to sign the MOUs in the current month itself. This gives us another theatre to perform and enhance the reputation of the organization we all love and respect. During the last two and half years we have together, as a team prepared the layout of the future course NHPC has to chart to become a 50000 MW renewable energy multinational organization. The framework is in place, all we have to do now is to implement it. You have the opportunity to create history. I am sure that you all will create a magnificent benchmark for the future generation of hydropower professionals.

The system improvement efforts made by you all have begun to yield results. Our teams at construction Projects are taking big strides towards commissioning the projects. There is marked improvement in progress and we are crossing significant milestones on regular basis. The works at 2000 MW Subansiri Lower Project are progressing smoothly and we are truly on our way to commission this landmark project. Moreover, E&M activities at the 1000 MW Pakal Dul H E Project and 120 MW Rangit-IV H E project have also commenced in July. As I write to you, I received the information that Overt Lining of HRT at 120 MW Rangit-IV has commenced. Think of it, we have brought this stranded project to this stage in a year's time. All credit to the Project team. There is a marked improvement in the progress of works at our construction projects and Shri Biswajit Basu, Director (Projects), has played an important role in it. He has evolved into an outstanding leader and has inspired the project teams to deliver exceptional results. He is always at project sites, always on move, motivating the project team to achieve more. There is a lot our top management can learn from Mr. Basu. He is an inspiring role model and I am sure that the young generation would emulate his desire, drive to take NHPC to new heights. We need to have more leaders like Shri. Basu.

The performance of our power stations is indeed praiseworthy. During July our power stations generated 3648 MUs, our highest ever monthly generation. The previous monthly record of 3594 MUs was achieved in July 2021. It is heartening to note that we also achieved our highest ever daily generation of 125.93 MUs on 30$^{th}$ of July 2022, bettering the record of 123.63 MUs achieved on 11$^{th}$ of July 2022. We broke daily generation record thrice in this month. In the last couple of years we have improved our PAF considerably and this has been possible due to the team work only. I congratulate all the Heads of Power Stations for the excellent leadership and the team members for performing to high expectations. All this has been possible only because of your single-minded devotion to work and the drive to achieve various targets. Great Work by team NHPC!

The northeastern part of the country has witnessed heavy downpour, resulting in devastating floods in Assam. NHPC has always been a responsible corporate citizen, helping the society at large during the moments of crisis. Continuing with this trend, NHPC contributed Rs. 2 Crore to the Chief Minister's Relief Fund of Assam on 7$^{th}$ July 2022 at Guwahati. Undersigned presented the cheque to the Hon'ble Chief Minister of Assam Dr. Himanta Biswa Sarma in the presence of Shri Pradan Baruah, Hon'ble Member of Parliament (Lok Sabha), Lakhimpur Lok Sabha constituency and Shri Manab Deka, Hon'ble Member of Legislative Assembly, Lakhimpur Assembly constituency. I took this opportunity to apprise the Hon'ble Chief Minister about the progress of works at 2000 MW Subansiri Lower Project. Hon'ble Chief Minister assured of all possible support from the state government for early commissioning of the project. The possibilities of establishing floating solar, solar, pumped storage projects in hybrid mode with participation of State Government were also discussed.

NHPC is an institution in itself. It has produced brilliant professionals who have helped the entire hydropower sector in the country and I am happy that our young engineers are keeping this tradition alive. Our engineers have successfully repaired and restored the Unit # 4 of 360 MW Sabarigiri Power of Kerala State Electricity Board (KSEB). This unit was under breakdown for the last 4 years due to abnormal vibrations and sudden temperature rise of UGB & TGB bearings. A number of renowned national/ international power equipment manufacturers had failed to restore it and had suggested dismantling of the existing machine and erection of a whole new machine. However, our engineers successfully restored the Unit #4 in 4 days and the unit is presently running without any abnormal vibration and temperature rise. The entire team of KSEB appreciated our expertise, thus generating a lot of goodwill for NHPC. Well done! Keep up the good work.

The power business scenario in the country is extremely competitive and we must keep adapting to the demands of the changing circumstances. To strengthen our profile and explore newer avenues for growth, we signed an MOU with Damodar Valley Corporation to "Explore Formation of Joint Venture Company (JVC) for Exploring and Setting up Hydropower and Pump Storage Projects" on 20.07.2022. The MOU heralds a new dawn in co-operation between NHPC and DVC in jointly harnessing the Hydropower Projects and Pump Storage Projects as Energy Storage Solutions.

I have always believed that Project affected families are crucial stakeholders of NHPC and we should always keep this in mind while interacting with them. We must always formulate a strategy that would keep project affected families allied and bonded with us. Keeping this in view, a meeting was held with Shri Tashi Ongdup Lepcha, Vice-Chairman, Sikkim State Cooperative Union (SICUN) alongwith representatives from Project Affected Families at NHPC Corporate Office on 6th July 2022. During the interaction Shri Lepcha requested for early start of Teesta-IV HE Project. He also intimated that Project Affected Families of the area are in favor of the project and assured full support of local people in implementation of project by NHPC.

On 26th July 2022, the progress of construction projects was reviewed and I am happy to note that despite incessant rains and other challenges, good progress has been achieved at all construction projects, especially at the 2000 MW Subansiri Lower and 120 MW Rangit-IV H E Projects. The project teams are performing their tasks efficiently and this gives me a lot of confidence for a bright future.

On 28th July 2022 I had the opportunity to attend the Investiture Ceremony of Modern DPS, Faridabad one of the best and most prestigious school in Faridabad. I am very much impressed with the achievement of students and program performed by them during the ceremony with such a perfect manner. Many of our employees' children study in the school. During my interaction with the Director Principal of the school Shri U S Verma, I was very happy to note that our employees' children are among the top performers in the school. Shri Verma, an extraordinary educationist, holds NHPC in very high regard. Shri Verma with his passion and single minded dedication has built the magnificent school. He had a message for all of us; always pursue excellence with complete passion and dedication. The results will come sooner than later.

I was on a short tour to UT of Jammu & Kashmir from 29th to 30th July 2022 to participate in the grand finale of Ujjwal Bharat, Ujjwal Bhavishya- Power @2047 programme at Anantnag. Various programs were organized across all the districts in the country to celebrate the achievements of Power Sector. Hon'ble Prime Minister of India Shri Narendra Modi addressed the gathering during the grand finale and stressed on the need for a financially viable and flourishing power sector for the growth of the country. Hon'ble Prime Minister also launched a revamped distribution sector scheme during the occasion.

During my visit to UT of Jammu & Kashmir, I met Shri Manoj Sinha, Hon'ble Lt. Governor of UT of Jammu & Kashmir on 29th July 2022 and apprised him about the status of ongoing projects in the UT of J&K. Hon'ble Lt. Governor expressed his satisfaction over the progress of the works.

**Other Highlights of the month are:**

- Government of India on 12th July 2022 accorded investment approval of Rs.973 Crs. for pre-construction activities of Sawalkote HEP.
- MoUs for Development of "Pilot Green Hydrogen Technologies" in District Leh and District Kargil of UT of Ladakh were signed on 14th of July 2022. These two Pilot projects will create roadmap for future development of Green Hydrogen & subsequent reduction of the carbon emission in transportation/heating sector.
- Bulk Power Supply Agreement (BPSA) was signed between Lanco Teesta Hydro Power Limited (LTHPL) and Chattisgarh State Power Distribution Company Limited (CSPDCL) at Raipur on 21st July 2022 for power generated from 500 MW Teesta-VI H.E. Project for a period of 40 years from COD.
- A Memorandum of Understanding (MoU) was signed between NHPC and 'Special Olympics Bharat' (NGO) towards providing Sports training to Persons with Intellectual & Development Disability (PwIDD) under the CSR initiative of NHPC on 19th July 2022 at NHPC Corporate Office, Faridabad. As per the MOU, regular sports training will be provided to PwIDDs through dedicated and trained coaches in Special Olympics for 3 years.
- Under the CSR initiative of NHPC Limited, a free health camp was organized by Bisnoli Sarvodaya Gramodyog Seva Sansthan on 15th July 2022 to enhance the health and immunity of the villagers in Bajeda Village of Nuh Block, Nuh Aspirational District, Haryana.
- In the ongoing fight against Covid-19, NHPC organized a free Covid vaccination camp in association with ESI Hospital, Faridabad (for 15 years and above) to give 1st/ 2nd dosage and booster dose for adults on 18th July 2022 at NHPC Corporate Office wherein 190 NHPC employees/ex-employees/contract staff and their family members were benefitted.
- Shri Debjit Saha, son of Shri Himangshu Saha, GM (E), won a Bronze Medal in Shotput at World Para Athletics Championships held in Tunisia. Congratulations and best wishes from NHPC family for all future endeavors.
- Shri Sanjeev Kumar Yadav, Executive Director, NHPC has been appointed as Managing Director, Punatsangchhu-I Hydroelectric Project Authority (PHPA-I), Bhutan. NHPC family congratulates Shri Yadav and wishes him good luck for his appointment.
- "E-Sushruta Hospital Management System" has been started in NHPC under Ayushman Bharat Digital Mission. This system will provide facilities like Integrated Computerized Clinical Information System/ collection of medical records for health and hospital management and other processes on an online platform. This will integrate and facilitate medical services for NHPC employees.
- An Investor meet was held at Mumbai on 21st July 2022, wherein many investors including top mutual fund houses like HDFC, ICICI, SBI etc. participated. The discussions were held regarding Industry outlook and future prospect for the company.
- During July 2022 Rs. 768 Crore revenue was collected. The cumulative revenue collection till July 2022 stands at Rs. 2274 Crore.
- The total cumulative generation of all NHPC power stations till the end of July 2022 stood at 11813 Mus.

I have always maintained that our employees are our strength. A group of dedicated members can achieve wonders and this has been proved time and again by our teams. Often the critical role played by such teams remains under the radar but they remain the most integral part of the success story. Contracts Division has played this role to the hilt. This month the team with committed and coordinated efforts has awarded 16 contracts, praise worthy achievement indeed. I am sure that the Contracts team will continue to work with same zeal and passion.

As the superannuation day looms, I feel a sense of contentment in our growth as an organization, as a team in the last two and half years. The progress we have achieved in our construction projects, despite the trauma of COVID pandemic, makes me proud of the team, Our Power Stations are creating new generation records, we have improved our PAF to record heights, outstanding dues are at all-time low, we have record capacity in planning stage, all this has been possible because we have worked as a team. Our middle management, the young engineers, have performed exceptionally well and they have the capabilities to take NHPC to the next level. We have gone transformation at cultural level also and today we look opportunities in challenges rather than challenges in opportunities. We have great future waiting for us and I definitely see NHPC as a 50000 MW company in a decade or so.

I convey my greetings to you and your family members on the auspicious occasions of Independence day, Raksha Bandhan and Janmashtami.

**Sincerely yours,**

**(A. K. Singh)**
**Chairman & Managing Director**